आधारभूत समर्थनों (Foundational Supports) का डिज़ाइन तैयार करना

सरकारें समुदाय में अतिरिक्त समर्थनों की रूपरेखा तैयार करने और इन्हें उपलब्ध कराने के लिए साथ-मिलकर काम कर रही हैं। इन्हें **आधारभूत समर्थनों (Foundational Supports)** के नाम से जाना जाता है।

ये विशिष्ट समर्थन मुख्यधारा सेवाओं और राष्ट्रीय दिव्यांगता बीमा योजना (एनडीआईएस) के माध्यम से प्राप्त होने वाले समर्थनों के अतिरिक्त हैं। ये दिव्यांगजन, उनके परिवारों और देखभालकर्ताओं की कई महत्वपूर्ण क्षेत्रों में मदद करेंगे, जिनके बारे में हमें पता है कि वे बड़ा परिवर्तन लाएंगे।

हमें आधारभूत समर्थनों की आवश्यकता क्यों है?

एनडीआईएस से अनेक दिव्यांग लोगों के जीवन में बदलाव लाया है और यह आगे भी जारी रहेगा। एनडीआईएस पात्रतायुक्त दिव्यांग लोगों को समर्थन प्रदान करती है।

अधिकांश दिव्यांग लोग एनडीआईएस में शामिल नहीं हैं और उनके लिए यह आवश्यकता नियत नहीं की गई है कि वे इसमें शामिल हों। एनडीआईएस में शामिल न होने वाले कुछ लोगों को समुदाय में मौजूदा सेवाओं के माध्यम से मिलने वाले समर्थन की तुलना में अधिक सहायता की आवश्यकता होती है।

अतिरिक्त आधारभूत समर्थन यहाँ सहायता कर सकते हैं।

आधारभूत समर्थनों के डिज़ाइन में हमारी मदद करें

ऑस्ट्रेलिया सरकार इन अतिरिक्त समर्थनों को डिज़ाइन करने में मदद के लिए दिव्यांग लोगों, माता-पिताओं, परिवारों और क्षेत्र की ओर से सुनने की इच्छुक है।

हमारी संलग्नता इस बात पर काम करने से शुरू होगी कि कुछ अलग-अलग प्रकार के कौन से समर्थन उपलब्ध कराए जा सकते हैं और सबसे महत्वपूर्ण बात क्या है, ताकि हम उन समर्थनों को सही तरह से डिज़ाइन कर सकें।

आपके विचारों से सभी सरकारों को इन समर्थनों के डिज़ाइन पर निर्णय लेने में मदद मिलेगी।

हम किसकी ओर से सुनना चाहते हैं

संलग्नता सत्र इन लोगों के साथ आयोजित किए जाएँगे:

- दिव्यांग लोग, चाहे वे एनडीआईएस में शामिल हों या नहीं।
- परिवार, देखभालकर्ता, रिश्तेदार और अधिवक्ता।
- अन्य हितधारक, जैसे सेवा प्रदाता। इसमें दिव्यांगता, स्वास्थ्य, मानसिक स्वास्थ्य, आरंभिक बचपन, स्कूल और अन्य क्षेत्र शामिल हैं।

अपनी राय देना महत्वपूर्ण क्यों है?

आपका अनुभव हमें यह तय करने में सहायता देगा कि अतिरिक्त समर्थन कैसे दिखने चाहिए तथा इन्हें किस प्रकार से प्रदान किया जाना चाहिए।

हम चर्चाओं में क्या शामिल करेंगे

आधारभूत समर्थनों के अलग-अलग प्रकार होते हैं। शुरुआत में हम इनमें से कुछ ही समर्थनों पर ध्यान केंद्रित करेंगे, जिन्हें सामान्य समर्थन (General Supports) कहा जाता है। ये 65 वर्ष से कम आयु के सभी दिव्यांग लोगों के लिए हैं।

आप अपनी अभिरुचि के आधार पर निम्नलिखित प्रकार के समर्थनों पर चर्चाओं में शामिल हो सकते/ती हैं:

- जानकारी और सलाह
- आत्म-पक्षसमर्थन
- सहकर्मी समर्थन
- क्षमता निर्माण।

हम इस बारे में भी आपके विचार मांगेंगे कि सामान्य समर्थनों को किस प्रकार से विशिष्ट समूहों को समर्थन देने के लिए डिज़ाइन किया जा सकता है, जैसे जीवन के महत्वपूर्ण चरणों में समर्थन की आवश्यकता वाले युवा लोग, कुछ विशिष्ट दिव्यांगताओं वाले लोग, तथा दिव्यांग लोगों के परिवार, देखभालकर्ता और परिजन।

ऐसे अन्य प्रकार के आधारभूत समर्थन भी होंगे, जिनके बारे में सरकारें भविष्य के चरणों में आपके विचारों को जानने की इच्छुक होंगी। हम समुदाय को इस बारे में सूचित करेंगे कि संलग्नता के अगले चरण कब शुरू हो रहे हैं।

मैं अपनी राय कैसे दे सकता/ती हूँ?

अपनी राय देने के लिए आपके पास अलग-अलग तरीके हैं। इनमें से किसी भी तरीके से योगदान देने के लिए आपका स्वागत है।

- **एक आयोजन में भाग लें** – वेबपेज https://engage.dss.gov.au/foundational-supports/ पर उपलब्ध संलग्नता समयसूची का उपयोग करके गोलमेज चर्चाओं के लिए रजिस्टर करें या ईमेल से Foundational.Supports@dss.gov.au पर अपनी अभिरुचि भेजें।
- **हमारी विचार दीवार (Ideas Wall) में अपनी राय जोड़ें** - आप इस बारे में विचार जोड़ सकते/ती हैं कि कौन से समर्थनों की आवश्यकता है और आप इन्हें सार्वजनिक ऑनलाइन बोर्ड में दूसरों के साथ साझा कर सकते/ती हैं।
- **ऑनलाइन प्रश्न पूरे करें या सबमिशन भेजें** – ये हमारी वेबसाइट पर यहाँ उपलब्ध हैं: https://engage.dss.gov.au/foundational-supports/ या क्यूआर कोड का उपयोग करें।
- **हमारी संलग्नता टीम से संपर्क करें** - आप दि सोशल डेक (The Social Deck) पर हमारी संलग्नता टीम से संपर्क कर सकते/ती हैं, जो लोगों के साथ अतिरिक्त समर्थनों के बारे में इन चर्चाओं को सुविधाकृत कर रही है। वे आपको योगदान देने के लिए सर्वोत्तम विकल्पों के बारे में समर्थित करेंगे।
  ईमेल भेजें: foundationalsupports@thesocialdeck.com

और अधिक जानकारी

शामिल होने के लिए https://engage.dss.gov.au/foundational-supports/ पर जाएँ या क्यूआर कोड का उपयोग करें।

आप Foundational.Supports@dss.gov.au **पर भी ईमेल भेज सकते/ती हैं।**